दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 151 मुरादाबाद 26 September 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## 'सिर्फ 2 शब्द कहूंगा और 4 गुना बढ़ जाएगा जोश'



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो कार्यक्रम मन की बात के जरिए देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा, आप जानते हैं क्या! मैं सिर्फ दो शब्द कहूंगा लेकिन मुझे पता है, आपका जोश चार गुना ज्यादा बढ़ जाएगा। ये दो शब्द हैं- सर्जिकल स्ट्राइक। बढ़ गया ना जोश! हमारे देश में अमृत महोत्सव का जो अभियान चल रहा है, उन्हें हम पूरे मनोयोग से सेलिब्रेट करें, अपनी खुशियों को सबके साथ साझा करें।

मोदी ने कहा कि आज से तीन दिन बाद 28 सितंबर को अमृत महोत्सव का एक विशेष दिन आ रहा है। इस दिन भारत मां के वीर सपूत भगत सिंह जी की जयंती है। भगत सिंह जी की जयंती के ठीक पहले उन्हें श्रद्धांजलि स्वरुप अहम फैसला किया गया है। यह तय किया है कि चंडीगढ़ एयरपोर्ट का नाम अब शहीद भगत सिंह जी के नाम पर रखा जाएगा। इसकी लम्बे समय से प्रतीक्षा की जा रही थी। मैं चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा और देश के सभी लोगों को इस निर्णय की बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

### स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का भारत बनाना

प्रधानमंत्री ने कहा कि अपने स्वतंत्रता सेनानियों से प्रेरणा लेकर, उनके आदर्शों पर चलते हुए उनके सपनों का भारत बनाना है और यही उनके प्रति हमारी श्रद्धांजलि होती है। शहीदों के स्मारक, उनके नाम पर स्थानों और संस्थानों के नाम हमें कर्तव्य के लिए प्रेरणा देते हैं। अभी कुछ दिन पहले ही देश ने कर्तव्यपथ पर नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की मूर्ति की स्थापना के जरिए भी ऐसा ही प्रयास किया है और अब शहीद भगत सिंह के नाम से चंडीगढ़ एयरपोर्ट का नाम इस दिशा में एक और कदम है।

### 29 सितंबर से गुजरात में नेशनल गेम्स

पीएम मोदी ने कहा, मैं चाहूंगा कि अमृत महोत्सव में हम जिस तरह स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़े विशेष अवसरों पर सेलिब्रेट कर रहे हैं, उसी तरह 28 सितंबर को भी हर युवा कुछ नया प्रयास अवश्य करे। उन्होंने कहा कि 29 सितंबर से गुजरात में नेशनल गेम्स का आयोजन हो रहा है। यह एक खास मौका है, क्योंकि यह कई साल बाद हो रहा है। कोविड महामारी की वजह से इसे रद्द करना पड़ा था। इसमें हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों को बहुत शुभकामनाएं। खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने कि लिए मैं उनके बीच में रहूंगा।

## लखनऊ में दबंगों ने व्यापारी को पीट कर मार डाला

लखनऊ के ठाकुरगंज में मौरंग व्यापारी एजाज उर्फ राजू बाक्सर को दबंगों ने पीट कर मार डाला। शनिवार रात दुकान पर कब्जे को लेकर विवाद हुआ था। एजाज को बचाने के लिए उनके दो बेटे आरोपियों से भिड़ गए थे। जिन्हें भी दबंगों ने लहूलुहान कर दिया। स्थानीय लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी थी। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, अन्य की तलाश में छापेमारी की जा रही है। ललकारते हुए पिता-पुत्र पर बोला हमला नेपियर रोड निवासी एजाज बहादुर उर्फ राजू बाक्सर ( 55 ) के परिवार में पत्नी नाज, बेटे रमीज और सैफ हैं। रमीज की तहसीनगंज में अवध ट्रेडर्स के नाम से मौरंग-बालू की दुकान है। इसी दुकान को लेकर कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। रमीज के अनुसार शनिवार रात वह दुकान पर मौजूद था। तभी पंकज, सुरेश, अक्षत और राज कुमार दुकान पर आकर गाली गलौज करने लगे। रमीज के एतराज जताने पर आरोपियों ने उन्हें पीटना शुरू कर दिया। रमीज के साथ छोटा भाई सैफ भी था। जिसने पिता एजाज को फोन कर आने के लिए कहा। सैफ की कॉल आते ही एजाज दुकान पहुंच गए। चोट लगने से वह बेसुध होकर गिर पड़े। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज विजय यादव के मुताबिक एजाज, उनके बेटे रमीज और सैफ पर हमला करने के बाद बदमाश फरार हो गए थे। सूचना मिलते ही तीनों को अस्पताल ले जाया गया था। जहां एजाज को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि पंकज और सुरेश को गिरफ्तार किया गया है।

## योगी सरकार माफिया के लिए बनी काल, मुख्तार सहित 36 को दिलवाई सजा, 2200 करोड़ की संपत्ति पर चला बुलडोजर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूसरे कार्यकाल में भी सरकार अपराध के खिलाफ जीरो टारलेंस की नीति के तहत कदम बढ़ा रही है। बीते छह माह में अपराधियों को उनके अंजाम तक पहुंचाने का दायरा और बढ़ा है। माफिया और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में और तेजी आई है। प्रदेश के इतिहास में पहली बार अब सजा भी हो रही है। माफिया मुख्तार अंसारी सहित 36 माफिया और उनके शागिर्दो को आजीवन कारावास और दो को फांसी की सजा हुई है। इस दौरान चिह्नित 62 माफिया की अवैध रूप से कमाई गई 22 सौ करोड़ से अधिक की संपत्ति को जब्त और ध्वस्त किया गया है।

### माफिया के 400 से अधिक सहयोगी गिरफ्तार

सीएम योगी आदित्यमाथ के निर्देश पर पुलिस न सिर्फ अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई रही है, बल्कि सजा भी करा रही है। यूपी पुलिस, अभियोजन और शासन के समन्वय से कोर्ट में प्रभावी पैरवी कर पूरे देश में सर्वाधिक माफिया और अपराधियों को सजा दिलाई गई है। इतना ही नहीं, सबसे कम समय में सजा दिलाने में भी उत्तर प्रदेश, देश में पहले स्थान पर है। यूपी पुलिस ने माफिया के गैंग के 860 सहयोगियों के खिलाफ 396 मुकदमे दर्ज कर 400 से अधिक को आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 174 पर गुंडा एक्ट, गैंगेस्टर में 355 और 13 आरोपियों के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की है और 310 शस्त्र लाइसेंस भी निरस्त किए हैं।

### सीएम योगी ने ड्रग माफिया को दी करारी चोट

सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में ड्रग माफिया को करारी चोट दी है। अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर रोक लगाने के लिए एंटी नारकोटिक्स फोर्स गठन किया गया। पहले चरण में दो थानों गाजीपुर और बाराबंकी में एएनटीएफ थाना खोला गया और तीन क्षेत्रीय शाखा मेरठ, लखनऊ और गोरखपुर जोन की स्थापना की गई है। ड्रग माफिया के खिलाफ 24 अगस्त से आठ सितंबर तक चले अभियान में पुलिस ने 2833 संदिग्ध आरोपियों को चिह्नित कर 2479 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की और 2277 मुकदमे दर्ज किए। इन आरोपियों से पुलिस ने 39 करोड़ 68 लाख रुपये की बरामदगी की। गैंगेस्टर अधिनियम के तहत 358 आरोपियों के खिलाफ 110 मुकदमे दर्ज किए गए और 35 करोड़ 14 लाख की संपत्ति जब्त की। साथ ही कोर्ट में पैरवी कर 188 आरोपियों को सजा दिलाई।

### अवैध शराब के आरोपियों की 20 करोड़ की संपत्ति जब्त

पुलिस ने अवैध शराब और जहरीली शराब के खिलाफ चले अभियान में 11,157 आरोपियों के खिलाफ 10,821 मुकदमे दर्ज किए हैं और 11 करोड़ 16 लाख रुपये से अधिक की बरामदगी की है। इसके अलावा गैंगेस्टर अधिनियम के तहत 319 आरोपियों के खिलाफ 101 मुकदमे दर्ज किए हैं। साथ ही कोर्ट में पैरवी कर 164 आरोपियों को सजा दिलाई गई है। गैंगेस्टर अधिनियम के तहत करीब 20 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति जब्त की गई है। आबकारी अधिनियम के तहत 406 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### पुलिस बजट दोगुना और इंफ्रास्ट्रक्चर में हुई वृद्धि

यूपी पुलिस के बजट में दोगुने की वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2017-18 में 16,115 करोड़ रुपये बजट था, जो वित्तीय वर्ष 2021-22 में दोगुना बढ़कर 30,203 करोड़ रुपये हो गया है। इससे प्रदेश में 244 थानों और 133 चौकियों की स्थापना की गई है। इसके अलावा नए बने सात जिलों हापुड़, चंदौली, औरैया, संभल, शामली, अमरोहा और अमेठी में पुलिस लाइन की स्थापना की प्रक्रिया शुरू की गई है। , कंप्यूटर आपरेटर और जेल वार्डेन के विभिन्न पदों पर 1,44,194 भर्ती की गई है। इसके अलावा इस साल मार्च से सितंबर तक विभिन्न पदों पर 9675 भर्ती की गई है।

## ससुराल वालों ने घर भगाया पति ने चोरी छिपे दूसरी शादी की



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर-उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं के उत्पीड़न के लिए तरह-तरह के प्रयास कर रही है लेकिन महिलाओं के साथ हो रहें अब भी उत्पीड़न कम होते दिखाई नहीं दे रहें हैं, खुटार क्षेत्र के गांव कुभिया माफी की रहने वाली वीरवती पुत्री लक्षमण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी लखीमपुर-खीरी के कस्बा कुरियानी थाना मैलानी निवासी दयाराम से हुई थी और उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज भी दिया था आरोप है कि ससुरालियों ने मार पीट कर उसको और उसके बेटे को भगा दिया जिससे वह अपने मायके कुभिया आ गई मायके आने के बाद उसके पति ने चोरी छिपे दूसरी शादी कर ली शनिवार को जानकारी पाकर जब वह वापस अपनी ससुराल गई तो ससुरालियों ने घर के अंदर घुसने नहीं दिया और पुन: भगा दिया, पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की हुई मासिक बैठक

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़। हरिदासपुर लोधा स्थित खेरेश्वर धाम के सभागार में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुखबीर शर्मा के अध्यक्षता में जनपद इकाई की मासिक बैठक हुई। बैठक का सफल संचालन महासचिव अमित शर्मा के द्वारा किया गया। बैठक में पांचों तहसील अध्यक्ष ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन को और गतिशील बनाने के लिए सुझाव रखे। बैठक में पत्रकार उत्पीड़न सहित अन्य मामलों पर विशेष चर्चा हुई। बता ते चले हरिदासपुर लोधा स्थित भोलेनाथ बाबा के मंदिर में हुई बैठक के दौरान बैठक शुभारंभ से पूर्व हर-हर महादेव के जयकारों से सभागार गूंज उठा। वहीं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिंदाबाद के पत्रकारों ने नारे लगाए?। बैठक में जिला कार्यकारिणी के एजेंडे के अनुसार सभी तहसील अध्यक्षों के कार्यवाही रजिस्टर पूर्ण करने के दिशा निर्देश दिए एवं समस्त तहसील अध्यक्षों ने संगठन को और गतिशील बनाने के लिए अपने-अपने विचार रखें एव जिला अध्यक्ष जी के दिशा निर्देशों अनुसार नवंबर-दिसंबर में वर्ष 2023 की सदस्यता अभियान चलाए जाने के लिए कहा गया तथा जिले में थाने तहसील व अन्य सरकारी कार्यालयों में हो रहे पत्रकार उत्पीड़न पर विचार किया गया। स्थाई समिति की बैठक के लिए ग्रामीण पत्रकारों ने रूपरेखा तैयार की, वही बैठक में मौजूद सदस्यों ने पत्रकारों का आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए कहा तथा पत्रकारों का श्रम विभाग में भी रजिस्ट्रेशन होना चाहिए आदि मामलों पर बैठक में चर्चा हुई। बैठक का समापन करते हुए जिला अध्यक्ष सुखबीर शर्मा ने कहा कि संगठन जिले में अनेकों वर्षों से कार्य कर रहा है। कहीं भी पत्रकार उत्पीड़न के मामले आते हैं। उन पर तत्काल कार्रवाई कराई जाती है। संगठन हर संभव अपने साथियों के साथ खड़ा है?। वही बैठक के समापन के दौरान जिला अध्यक्ष सुखबीर शर्मा ने पत्रकार संजीव प्रताप को अलीगढ़ शहर महानगर का सयोजक मनोनीत किया है। उनसे अपेक्षा की है कि वर्ष 2023 के लिए अभी से संगठन की सदस्यता पत्रकार साथियों को दिलाएं। बैठक समापन के बाद समस्त इकाई के पदाधिकारियों ने सिद्ध पीठ भोलेनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। बैठक में गोविंद पचौरी, सोनू शर्मा, उमेश कुमार बर्मन, शकुन ठाकुर, जितेंद्र कुमार शर्मा, चौधरी बहादुर सिंह, अमित जादौन, अनुराग शर्मा, संजय प्रताप सिंह, शकुन ठाकुर, अनूप यादव, डॉ वीरेंद्र सिंह, उमाशंकर शर्मा, धर्मेश शर्मा, अनार सिंह, शीशपाल सिंह राठौर, सुधाकर उपाध्याय, विष्णु शर्मा, सूरज पाल सिंह, डोली शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, नवीन कुमार, अनमोल शर्मा, सूरज पाल सिंह, नवीन कुमार, सुधाकर उपाध्याय, रमेश भारद्वाज, सौरभ, मनीष कुमार, आकाश शर्मा, दीपांशु महेश्वरी, सत्यम शर्मा, विशु शर्मा आदि के अलवा करीब चार दर्जन पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## बड़ी घटना होने का इंतजार कर रहा प्रशासन कार्य के प्रति उदासीनता



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- प्रशासन की नाक के नीचे दबंग ने खड़ी कर दी विधवा की जमीन पर दीवार, चीखती-चिल्लाती रही विधवा जगरानी अब दबंग विधवा के पुत्र को फर्जी मामले में फंसाने की दे रहे धमकी क्षेत्र के तिकुनिया खुटार पूरनपुर मार्ग नेशनल हाईवे के किनारे गांव बुझिया की रहने वाली विधवा जगरानी की जमीन है जिस पर दबंग फार्म स्वामी अवैध कब्जा करने चाहता है कब्जा करने की नियत से कुछ दिनो पूर्व दबंग जमीन पर दीवार खड़ी कर रहा था जिसकी जानकारी जगरानी को हुई तो जगरानी ने थाने में इसकी सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन बाबजूद इसके दबंग ने लगभग 4 फीट दीवार खड़ी कर दी। अवैध निर्माण होने के दौरान जगरानी चीखती चिल्लाती रही लेकिन प्रशासन ने उसकी एक न सुनी। जगरानी ने उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में बताया कि गांव भटनौसा का रहने वाला बल्देव सिंह उनकी जमीन पर अवैध कब्जा करना चाहता है जबकि जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है

लेकिन धन बल के प्रभाव में उक्त जबरन निर्माण कर कब्जा करना चाहता है जगरानी विधवा है, और गरीब महिला है, प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ बैठा है उसकी मदद न करके दबंग फार्म स्वामी को संरक्षण दे रहा है, जगरानी ने बताया कि रोजाना रात के अंधेरे में दबंग आते है और बिना सीमेंट मसाले के ईट की दीवार खड़ी कर रहे है और धमकी देते है कि उसके पुत्र को किसी फर्जी मामले में फंसवा कर जेल भिजवा देंगे। यदि समय रहते प्रशासन ने इस मामले में कोई ठोस कदम नही उठाया तो किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है।

## भाजपा जिला महामंत्री विजय शंकर अवस्थी ने मृतकों के परिजनों को बताया ढाढ़स



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- खुटार क्षेत्र के गांव सौफरी निवासी दो लोगों की शुक्रवार को एक सड़क सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई थी, सूचना पर पहुंची खुटार पुलिस ने दोनों मृतकों का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया था, शनिवार को ज़ब दोनों लोगों के शव घर वापस आए तो उनके परिजन दहाड़े मार मार कर रोने लगे और वहां का माहौल गमगीन हो गया वहाँ देखने वालों की भीड़ लग गई, खुटार के व्यापारी नेता भाजपा जिला महामंत्री विजय शंकर अवस्थी ने अखिलेश मिश्रा राजपाल गुप्ता अनुराग और मनीष कुमार के साथ पहुंचकर मृतकों की अंत्येष्टि में शामिल हुए, भाजपा नेता विजय शंकर अवस्थी ने मृतकों के परिजनों की हर संभव मदद करने का भरोसा दिया।

## फरियाद करते रहे ग्रामीण सोंते रहें बिधुत अधिकारी लापरवाही से हुई चार मौतें

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर-रात्रि में क्षेत्र के गांव खजुरिया में हाइटेंशन लाइन गिरने से एक भैंस की मौत हो गई सुबह होते ही टोडरपुर में भी हाइटेंशन लाइन का तार गिरने से तीन भैंसों की मौत हो गई ग्रामीणों ने हाइटेंशन लाइन का तार गिरने की वजह खुटार के जिम्मेदार विद्युत अधिकारियों को बताया है क्षेत्र के गांव खजुरिया के ग्रामीणों ने बताया कि रात 11:00 बजे हाइटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से यह दर्दनाक हादसा हो गया जिससे जगदीश पुत्र रामकिशन की गर्भवती भैंस के ऊपर हाइटेंशन लाइन का तार टूटकर जा गिरा और भैंस की मौके पर ही मौत हो गई और अनीश कुमार,अनुज कुमार विपिन कुमार करन संजीव सहित लगभग दर्जनों लोगों के मकानों में लगे बिजली के मीटर व तार जलने लगें जिसकी सूचना ग्रामीणों ने खुटार बिधुत उपकेंद्र को फोन कर देनी चाही परन्तु बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों, लाइनमेनों या अन्य किसी कर्मचारी के वहां उपस्थित होने पर भी फोन रिसीव नहीं किया गया जिससे ग्रामीणों में दहशत फ़ैल गई और पूरी रात हाइटेंशन लाइन का तार ग्रामीणों के मकान के ऊपर पड़ा रहा ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में भी बिजली विभाग खुटार से तारों को सही कराने की मांग की गई थी

परन्तु बिजली विभाग द्वारा कोई भी सुनवाई कार्यवाही नहीं की गई थी, अब हादसा होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारीयों ने मौके पर पहुंचने की जरूरत नहीं समझी और सुबह होते ही क्षेत्र के गांव टोडरपुर में भी हाइटेंशन लाइन का तार टूटकर नीचे गिर गया जिससे ग्रामीणों के मकान में भी करेंट फ़ैल गया और टोडरपुर निवासी दिलीप सिंह पुत्र उत्तम सिंह की तीन भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई जिसकी सूचना दिलीप सिंह ने पुलिस को देकर पोस्टमार्टम कराएं जाने की मांग की है।

# पितरों की याद में दिव्य वृक्ष पीपल व फलदार पौधा अमरुद रोपित किया गया



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के संयुक्त तत्वाधान में वरिष्ठ समाजसेवी अशोक शर्मा जी की प्रेरणा से प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट के खुशी हो या गम आओ पौधे लगाएं हम अभियान के तहत पितृ विसर्जन अमावस्या के अवसर पर पितरों की याद में दिव्य वृक्ष पीपल व फलदार पौधा अमरुद रोपित किया गया । पौधरोपण करते समय प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट के संस्थापक महासचिव पर्यावरण सचेतक नैपालसिंह पाल ने कहा कि पेड़ पौधे ही प्रकृति में ऑक्सीजन की प्राकृतिक फैक्ट्री हैं और धरा को हरा भरा बनाने में भी हरे पेड़ पौधे ही प्रकृति मे महत्वपूर्ण हैं चाहे खुशी हो या गम आओ पेड़ पौधे लगाए हम। पूर्वजो की याद मे उनकी पसंद का पौधा रोपित कर यादगार बनाए,पौधरोपण से पितरों की याद भी बनी रहेगी वरिष्ठ जन कल्याण समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी अशोक शर्मा ने कहा कि पेड़ पौधे हमारे जीवन मरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और पितरों के लिए भी पौधे लगाकर उन्हें याद करना बहुत अच्छी पहल है। चौधरी देवेंद्र सिंह ने कहा कि पेड़ पौधे ही हैं हम सबकी जान हम सब को करना चाहिए इन का सम्मान। पितृ विसर्जन अमावस्या के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम में प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट के संस्थापक महासचिव पर्यावरण सचेतक नैपालसिंह पाल , वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी अशोक कुमार शर्मा, चौ. देवेन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार कश्यप, विजय कृष्ण अग्रवाल, जय भगवान गुप्ता और वीर सिंह सैनी आदि उपस्थित रहे।

# पित्र अमावस्या के पावन पर्व पर के अवसर पर किया गया विशाल भंडारे का आयोजन




मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- उत्तर प्रदेश की जनपद मुरादाबाद के बारादरी स्थित संकटमोचन श्री बालाजी दरबार प्राचीन बाबा के मंदिर पर आज पित्र अमावस्या के पावन पर्व के अवसर पर श्री बालाजी महाराज का भव्य श्रृंगार कर बाबा को छप्पन प्रकार का भोग लगाया गया वही इस उपलक्ष में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें आलू पूरी कड़ी चावल खीर चाऊमीन का प्रसाद भक्तों ने ग्रहण किया कार्यक्रम का आयोजन श्री बालाजी जन सेवक समिति द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से दरबार के महंत पंकज बाबू अखिलेश गुप्ता दुष्यंत यादव रवि विजय जितेंद्र यादव रंजीत रितिक विकास लक्ष्मण शंकरलाल पप्पन अनुश्री मनुश्री गुनगुन निशु सरोज आदि सभी भक्तगण मौजूद रहे

# रिटायर्ड कर्नल समेत 35 से सवा करोड़ ठगने वाले बंटी-बबली गिरफ्तार



मुरादाबाद-लंबे समय से रिश्ते कराने के नाम पर ठगी कर रहे बिहार और झारखंड निवासी बंटी-बब्लू को सिविल लाइंस पुलिस ने दबोच लिया है। दोनों मेट्रोमोनियल साइट पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों को ठगते थे। दोनों मुरादाबाद के रिटायर्ड कर्नल समेत 35 लोगों को एक करोड़ 16 लाख 83 हजार 191 रुपये का चूना लगा चुके हैं। रविवार को दोनों को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया गया। सीओ सिविल लाइंस डॉ. अनूप सिंह और एसएचओ सिविल लाइंस गजेंद्र सिंह ने रविवार को प्रेसवार्ता कर शादी के नाम पर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि दस जून को मुरादाबाद नगर निगम के प्रवर्तन दल प्रभारी रिटायर्ड कर्नल शिवेंद्र कुमार शाही ने ठगी का मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया बबलू कुमार और पूजा कुमारी ने बेटी की शादी कराने के नाम पर उनसे 27 लाख 16 हजार रुपये की ठगी कर ली। लंबी जांच के बाद अब पुलिस ने इस मामले में झारखंड के लातू लातेहार के थाना बालूमाथा के गांव लातू निवासी बबलू कुमार पुत्र संतोष सिंह और बिहार के वैशाली जिले के विद्धुपुर थना क्षेत्र के गांव रहिमापुर निवासी उसकी पत्नी पूजा कुमारी को गिरफ्तार किया है। बकौल आरोपियों ने स्वीकार किया है कि वे देश के अलग-अलग राज्यों के 35 लोगों को शिकार बना करके करीब सवा करोड़ रुपये की ठगी कर चुके हैं। दोनों अलग-अलग मेट्रोमोनियल साइड पर अपनी आकर्षक फोटो डालकर फर्जी प्रोफाइल बनाते थे। इसके लिए किसी अन्य व्यक्ति का डाटा चुराया जाता

# रामगंगा नदी के तट पर परिवर्तन दी चेंज संस्था ने चलाया 14 दिन का विशेष स्वच्छता व सौन्दर्यकरण अभियान







मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- परिवर्तन दी चेंज संस्था ने मोक्ष धाम 1, राम गंगा विहार के पास रामगंगा नदी के तट को साफ करने के लिए 11 सितंबर, 2022 से विशेष 14 दिनों का सफाई और सौंदर्यीकरण अभियान चलाया है। यह अभियान नगर निगम, जिला प्रशासन द्वारा समर्थित था।इससे पहले यह अभियान काली मंदिर रामगंगा तट पर प्रत्येक रविवार को चल रहा था। धार्मिक आयोजनों के चलते रामगंगा तट पर बहुत सा कचरा व न गलने वाला सामान इकट्ठा हो गया था इसलिए इस अभियान का उद्देश्य नदी तट से कचरे को साफ करना व मूर्तिया आदि को उचित जगह तक पहुचाना था और घाट पर वाल मुराल व इको ब्रिक्स से बनी सीटों को बनाकर घाट का सौंदर्यीकरण करना था, इस अभियान में संस्था ने 1500 किग्रा अपशिष्ट, लगभग 800 किग्रा मूर्तियों, लगभग 3000 किलोग्राम कपड़ा व अन्य कचरा, मिलाकर कुल 5000+कि.ग्रा कचरा एकत्रित किया व इसका प्रबंधन किया। इस अभियान में संस्था अध्यक्ष कपिल कुमार सहित 20 से ज्यादा स्वयंसेवको ने प्रतिभाग किया। इस अभियान को इनहर व्हील क्लब मुराबाद एसेंस 310 द्वारा सहयोग किया गया था। अत: इस अभियान के माध्यम से संस्था का मकसद रामगंगा तट को बैठने के लिए इको फ्रेंडली कुर्सियां लगाकर व वाल पेंटिंग के जरिए पर्यटन स्थल में तब्दील करना था।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

## संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

# Mangal song before election

It is difficult to estimate the pace of picking up the political field between the jumps of elections, because in the next few days, the government has to change the history and geography of the state. The echo of Himachal in the decisions of the cabinet brings a new sun every day. This sun can rise from anywhere and all the drums and drums proving it will leave us grateful. Of course, some decisions are important and should be taken swiftly, but even the Mangal Geet being sung just before the election notification leaves ears in doubt. What the previous Virbhadra Singh government was distributing in the same way in its era is still present in the garbage basket. However, some decisions are also giving relief to the queer people and in these the mention of recruitment of Pre Primary Schools ie NTT will fill the chest of hopes of a large community. How much will the thirst of elections be quenched on the occasion of the appointment of about 4700 NTT teachers, but in waiting for such decisions, lamps will surely light up in many homes. If the edible oil that comes to the depot for the common consumer will dip by Rs thirteen per liter, then the benefits and beneficiaries will be satisfied in the election. It is not surprising that how much the cabinet is distributing, but it is necessary that in such a short time the next meetings can fill the entire state with its amicable decisions. The most notable of the judgments is the opening of five additional District Sessions Courts. The opening of Additional District Sessions Courts at Nurpur, Palampur and Dehra in Kangra, Paonta Sahib and Rohru is an important decision and it opens the wings of law, but because of this, who will give confidence to the demand for opening of High Court Bench in Dharamsala? Decentralization is also necessary for the High Court. When will the demand of the High Court bench for the last forty years be fulfilled for more than half the population of the state residing in Kangra, Chamba, Una and Hamirpur districts. For the government empowered by decisions, opening schools, colleges or sub-tehsils is a left-handed game and proving this again, polytechnic colleges and five degree colleges are being opened for Tehra and Cholthara. If there are benefits of reducing the distance of degree colleges to remove the distance from the hearts of the people, then this expectation from the upcoming cabinet will continue. In the event of elections, there is time for the BJP's vision paper to come, but before that the hypnosis of decisions is doing its duty. is leaving. Now the wait will be for the upcoming cabinet meetings and it will be seen how charismatic governments know to be between fantasy and reality. Obviously we are seeing the feat of single engine i.e. If the Modi government, like the state, also hoists the flag of kindness, then Himachal will be grateful. The hand gesture of the Center in the OPS case can also deepen the fate line of the Himachal government. Now neither a few years nor a few months are left, but only a few days are left for the election notification. See how much the Prime Minister of the country Narendra Modi binds in his tenth visit today and how much in reality he entrusts the place to the wishes of the state.

# This TV actor will play the role of Ram in Delhi's Ramlila, said- it will be a big challenge

Delhi's Luv Kush Ramlila Committee has hired TV actor Raghav Tiwari to play Ram this year. Raghav will be seen in the role of Ram in the grand Ramlila, which is going to start from 26 September. That is, from 26 September to 5 October, the audience will be able to see Raghav in the incarnation of Ram. Let us tell you that Raghav Tiwari has appeared in shows like Hamari Wali Good News and Sirf Tum. Raghav said – I feel blessed – Raghav feels himself lucky to get a chance to play the role of Ram in Ramlila. Raghav said, “I feel blessed and honored to be selected to play such an honorable character. I grew up watching Ramlila in Jaipur and never thought that I would play Lord Ram one day. I am waiting for this.' Lord Ram in the heart of every Indian - Let us tell you that Raghav has worked mostly in social drama shows, and now he will play a mythological character for the first time. Raghav said about this, 'There is a very special place for Lord Rama in the heart of every Indian. So obviously it is a challenge when you have to play someone who has been the origin of all the gods.



# Shehnaaz Gill dances on Diljit Dosanjh's song 'Jind Mahi'

Shehnaaz Gill has shared a video on Instagram, in which she can be seen making a reel video on Diljit Dosanjh's song Jind Mahi. She is seen dancing in different styles in the video. Hello Shahnaz Gill is wearing salwar and kurta Shahnaz Gill is wearing salwar and kurta and has a veil. Apart from this, she has also put on make-up. She has tied a ponytail and she is wearing bangles in her hands. She is seen dancing. Shehnaaz Gill's video has gone viral on Instagram. She has posted the video with 5 stars. Her video has got more than 75000 likes in 28 minutes. While more than 3 and a half thousand comments have been made on it. Fans have commented like beautiful on Shahnaz Gill's video Fans have commented on Shahnaz Gill's video like beauty queen, beautiful, love you so pretty, what is the matter, wow so beautiful, wow what a beautiful look, you look very beautiful, beautifull hi Inna Sona Tenu Rab has commented like made, while many people have also made emoji. Shehnaaz Gill became famous with Bigg Boss 13. Shehnaaz Gill became famous with Bigg Boss 13. Apart from her, Siddharth Shukla was also seen in it. Both of them started liking each other. Shahnaz Gill will be seen in films soon. On her Instagram 1 Shehnaaz Gill has 23 million followers. Shehnaaz Gill often talks to her fans. Shehnaaz Gill became a victim of depression after the death of Siddharth Shukla. Although she is fine now and she has also worked in many music videos. She is about to make her debut film. am excited



आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# बेटी घर की प्यारी सी मुस्कान है बेटी मां बाप की जान है

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



वाराणसी- आज देश राष्ट्रीय बेटी दिवस मना रहा है,यह बहुत ही सौभाग्य की बात है।क्योंकि कुछ समय पहले लड़कियों को बोझ समझा जाता था।लेकिन आज समय कुछ बदल गया है
आज लोग बेटियों को भी उतना ही मान लेते हैं।जितना वह अपने बेटों को देते हैं।बेटियों को अपना कलेजे का टुकड़ा बनाकर रखते हैं। हर क्षेत्र में बेटियां अपना हुनर दिखा रही है।चाहे खेलकूद हो या शिक्षा क्षेत्र हो वह बड़ी से बड़ी नौकरी हासिल करती है।आज बेटियां चांद तक पहुंच गई है हर कार्य कर सकती है।लेडी सिंघम नाम से विख्यात उप निरीक्षक शशि सिंह,बाल कल्याण समिति अध्यक्ष स्नेहा उपाध्याय,अध्यापिका रीता पाण्डेय,पत्रकार सुषमा,प्रियंका ताइक्कांडो खिलाड़ी हर्षा नथानी व समाजसेवी माया जायसवाल अपना दल नेत्री अनिता ये ऐसे नाम है जिन्होंने अपने काबिलियत से समाज मे अपनी अलग पहचान बना रखी है। इन बेटियो ने अपने साथ पूरे परिवार की किस्मत बदल दी है। इन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि अगर उन्हें खुला आसमान दिया जाए तो वह ऊंची उड़ान भर सकती है।1 बेटियां ही होती है जिसके दिल में सबके लिए प्यार होता है।चाहे वह मायका हो या ससुराल।दोनों घरों को बांध कर रखती है।बेटों से ज्यादा बेटियां अपने माता पिता और परिवार की परवाह करती है। बेटियां आज किसी भी बात पर बेटों से कम नहीं है। उनकी शिक्षा-दीक्षा अगर अच्छे से की जाए तो वह हर मुश्किल को पार कर के माता पिता का नाम रोशन कर सकती है।मां-बाप अपनी बेटियों के लिए खुश होते हैं जिन्होंने बेटी होकर कुछ अलग करके दिखाया है और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय मीना का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- विकास खण्ड जमुनहा के अंतर्गत उच्च प्राज्विज्उड़लहवा सेहरिया में मीना मंच के माध्यम से मीना का जन्म दिवस बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया 7उच्च प्राथमिक विद्यालय के राज्य पुरस्कार प्राप्त प्रधान शिक्षक मुनव्वर मिर्ज़ा ने बताया । की मीना यूनिसेफ द्वारा कहानियों में एक काल्पनिक चरित्र है जो बालिकाओं के मुद्दों को सरल एंव सहज रूप से समझाने का प्रयास करती है । जिससे प्रत्येक वर्ग एवं समाज की बालिकाएं अपने से जोड़कर महसूस कर सकती है मीना मंच का मुख्य उद्देश्य किशोर एंव किशोरियो में आत्म अभिव्यक्ति नेतृत्व एवं सहयोग प्रदान करना है। सहायक शिक्षिका अकलीमा खातून ने बताया । कि मीना मंच का कार्यक्रम सर्वप्रथम यूनिसेफ़ द्वारा 24सितम्बर 1997को बंगला देश में शुरू किया गया था ।उत्तर प्रदेश में वर्ष 2004-05 में इस कार्यक्रम की शुरुवात हुई ।इस लिए प्रत्येक वर्ष सभी विद्यालयों में मीना का जन्म दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है इस अवसर पर शिक्षक मोती लाल, बालमुकुन्द मौर्य, अजय वर्मा एवं बाल संसद प्रधान मंत्री दीपांशी, मीना मंचअध्यक्ष परवीना,, उपाध्यक्ष नसीम जहाँ, रवि कुमार, फरीद अहमद, पुस्तकालय मंत्री शहरे आलम सहित सभी छात्र /छात्राएं उपस्थित रहीं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# हल्का इंचार्ज अपराधियों का सत्यापन कर दें रिपोर्ट - सीओ



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़-सीओ बरला अभय कुमार पांडे ने सर्किल का चार्ज संभालने के बाद अधिकारियों ,के पेच कसना शुरू कर दिया है छोटे से मामलों में भी खुद पेनी नजर बनाए हुए हैं सीओ अभय कुमार पांडे रात को भी अपने सर्किल में गश्त देखने निकल पड़ते हैं सीओ अभय, कुमार पांडे ने बताया कि अपराधियों की कोई जाति नहीं होती और ना ही कोई धर्म जहां उनकी जगह है, वहां वह पहुंचने चाहिए उन्होंने निर्देशित किया है कि जेल से जमानत पर रिहा अपराधियों की हर गतिविधि पर नजर रहे और उनका सत्यापन कराया जाए

# नए महंत के रूप में श्री श्री श्री 108 स्वामी हरेरामानंद जी महाराज का हुवा चयन

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- बबुरी - सनातन सत्य प्रबोधक साधु समाज बबुरी कुटिया के नए महंत के रूप में श्री श्री श्री 108 स्वामी हरेरामानंद जी महाराज का सर्वसम्मति से चयन किया गया।बताते चलें कि सनातन सत्य प्रबोधक साधु समाज बबुरी कुटिया के पूर्व महंत श्री श्री श्री 108 स्वामी संपूर्णानंद जी महाराज परमहंस के देहावसान हो जाने के कारण रिक्त हुई महंत की गद्दी पर उन के अनन्य भक्त और शिष्य श्री श्री 108 हरेरामानंद जी महाराज का महंत के रूप में वहां उपस्थित साधु समाज ने सर्वसम्मति से चयन किया।महंत की गद्दी पर पदस्थापित होने के बाद हरे रामा नंद जी महाराज ने कहा कि हमारा प्रथम दायित्व है कि हम सभी साधु समाज के लोगों के साथ-साथ इस गद्दी की मर्यादा का पूर्ण रुप से पालन करते हुए आगे कार्य करें ।

# भुगतान की गड़बड़ी में फंसे सात पंचायत सचिव

प्रेमचंद जायसवाल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जिला पंचायत राज अधिकारी ने किया जबाब तलब, संतोषजनक जबाव न देने पर होगी एफ0आई0आर0, विकास कार्यों में होने वाले भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सरकार की ओर से खास तौर पर पारदर्शी भुगतान के लिए पंचायत गेटवे बनवाया गया है। इस गेटवे में कराये गये विकास कार्यों की फोटो अपलोड करना होता है,फ़ोटो अपलोड किए हुए बिना संबंधित को कोई भुगतान नही होता है। ऐसे में नियमित प्रक्रिया के तहत विकास कार्यों की फोटो अपलोड होने के बाद ही भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ती है। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा गेटवे की सीधी निगरानी की जा रही है। ऐसे में सरकारी धन की बंदरबांट करने के उद्देश से घेरे में आये 07 सचिव ने सीधे भुगतान का खेल किया गया है, इसके चलते ही भुगतान में मनमानी व गेटवे मानक को अनदेखी कर ग्राम पंचायत सचिव अखिलेश कुमार, ग्रा0वि0अधि, अमरजीत यादव, ग्रा0पं0अधि0, महेश कुमार सोनी, ग्रा0वि0अधि0, सुनील कुमार गौतम, ग्रा0वि0अधि0-विकास खण्ड-इकौना विकास कुमार मौर्य, ग्रा0वि0अधि0 विकास खण्ड-गिलौला राधेश्याम यादव, ग्रा0वि0अधि0 विकास खण्ड-जमुनहा त्रिपुरारी सिंह, ग्रा0वि0अधि0 मकरन्द वर्मा ग्रा0पं0अधि0, विकास खण्ड-सिरसिया द्वारा भुगतान किया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश के निर्देश पर भुगतान में गड़बड़ी बरतने के आरोप में सभी पंचायत सचिवों को आरोप पत्र निर्गत कर लिखित जवाब माँगा गया है।

# भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ने किया पूर्व डिप्टी सीएम का अलीगढ़ आगमन पर स्वागत किया



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़-भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह सैकड़ों किसानों के साथ दीनदयाल उपाध्याय जी की 106 वी जयंती के कार्यक्रम में माननीय अलीगढ़ के लोकप्रिय विधायक अनिल पाराशर जी कार्यक्रम में राम वैकुंठ हॉल सुरेंद्र नगर में सम्मिलित हुए भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने अपने सभी किसानों के साथ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश चंद्र शर्मा जी का पूरा सम्मान किया साथ साथ माननीय विधायक अनिल पाराशर जी का फूल मालाओं से स्वागत किया साथ ही माननीय पूर्व विधायक संजीव राजा जी का फूल मालाओं से स्वागत किया एमएलसी जिला अध्यक्ष भाजपा माननीय ऋषि पाल सिंह का भी फूल मालाओं से स्वागत किया इन सभी विधायकों से आशीर्वाद प्राप्त किया

# विवेचको, पुलिस पर्यवेक्षणीय अधिकारियों व पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सकों को कार्यशाला आयोजित कर मेडिकोलीगल एक्सपर्ट द्वारा दिया गया प्रशिक्षण



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपद के विवेचको, पुलिस पर्यवेक्षणीय अधिकारियों व पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सकों को कार्यशाला आयोजित कर मेडिकोलीगल एक्सपर्ट द्वारा दिया गया प्रशिक्षण। साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा, द्वारा कार्यशाला में उपस्थित विवेचकगणों को विवेचना की बारीकियों से संबंधित दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश। आज दिनांक 25.09.2022 को पुलिस लाइंस एटा परिसर स्थित बहुद्देशीय हाल में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में एक कार्यशाला का आयोजन कर डा0 श्री जी0 खान *(संयुक्त निदेशक, मेडिकोलीगल, स्टेट फॉरेन्सिक साईन्स लेबोरेटरी, लखनऊ उ0प्र0)* द्वारा जनपद के समस्त थानों के विवेचको, पुलिस पर्यवेक्षणीय अधिकारियों एवं जनपद के पोस्टमार्टम पैनल के चिकित्सकों को मेडिकोलीगल साक्ष्य संकलन एवं विवेचना में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए उच्च कोटि एवं गुणवत्तापरक विवेचना करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। डा0 श्री जी0 खान द्वारा जनपद के पोस्टमार्टम पैनल के चिकित्सकों को वर्तमान समय के अनुसार ऑटोप्सी (पोस्टमार्टम) करने हेतु बारीकियों को समझाया गया। उनके द्वारा डीएनए एवं विसरा संरक्षण की उच्च तकनीक पर विशेष ज्ञान दिया गया। उनके द्वारा कहा गया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट को भी डिजिटलाइज करने की आवश्यकता है, जिससे कि विवेचना करते समय विवेचकों को सहायता मिल सके। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शकर सिंह द्वारा कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले समस्त विवेचक गणों को वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए साक्ष्य संकलन, मेडिकोलीगल राय एवं समयबद्ध उच्चकोटि की गुणवत्तापरक विवेचना करने के संबंध में बारीक ज्ञान दिया गया। उनके द्वारा बताया गया वर्तमान परिवेश में अपराधियों द्वारा अपराध कर नए नए तरीके से साक्ष्यों को छुपाने का संपूर्ण प्रयास किया जाता है, इसलिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए साक्ष्य संकलन एवं मेडिकोलीगल राय का महत्व बहुत अधिक बढ़ जाता है। उनके द्वारा समस्त विवेचक गणों को निर्देशित किया गया कि वह साक्ष्य संकलन की बारीकियों को अपनाते हुए माननीय न्यायालय द्वारा विवेचना के संबंध में दिए गए आवश्यक दिशा निर्देशो का पालन करते हुए विवेचना सम्पादित करें, जिससे गुणवत्तापरक तरीके से विवेचना का निस्तारण किया जा सके। इस अवसर पर , एएसपी एटा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एटा, क्षेत्राधिकारी सकीट, क्षेत्राधिकारी जलेसर, क्षेत्राधिकारी अलीगंज, जनपद के पोस्टमार्टम पैनल के चिकित्सकों सहित जनपद के समस्त थानों के विवेचक उपस्थित रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प माला चढ़ाकर याद किया तथा उनके विचारों सकारात्मक रूप से मानववाद के प्रेणता,अन्त्योदय की परिकल्पना को साकार करने वाली विचारधारा को देने वाले, हमारे प्रेरणा स्त्रोत, पथ प्रदर्शक श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती पर आज जमुनहा मंडल के ग्राम पंचायत पटना के बूथ संख्या 53 व पटना के बूथ संख्या 57 पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित किया। साथ में मंडल महामंत्री जय प्रकाश वर्मा, सक्तिकेंद्र संयोजक फूलचंद्र गुप्ता, बूथ अध्यक्ष दुर्गेश पाठक , भाजपा कार्यकर्ता बाबूराम पाठक, राजन सिंह, आदित्य श्रीवास्तव, बच्चन सिंह सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# अध्यक्ष जिला पंचायत वभाजपा जिलाध्यक्ष, डीएम ने दिव्यांगों को बांटीं ट्राई साइकिल



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत कासगंज ब्लॉक में भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंलकी, डीएम हर्षिता माथुर, एसपी बीबीज़ीटीएस मूर्ति ने संयुक्त रूप से 11 पात्र दिव्यांगों को ट्राई साइकिलें, 15 दिव्यांगों को बैशाखी, चार दिव्यांगों को व्हीलचेयर, दो दिव्यांगों को नि:शुल्क कान की मशीनें प्रदान कीं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने कहा कि दिव्यांगजन अपने को असहाय महसूस न करें। अपनी क्षमताओं का पूर्ण सदुपयोग करें। दिव्यांगजनों के हित में शासन द्वारा अनेकों योजनायें संचालित की जा रही हैं, इनका वह लाभ उठायें। डीएम हर्षिता माथुर ने दिव्यांगजनों को रोजगार के लिए बैंक ऋण, रोडवेज बसों में नि:शुल्क यात्रा, दिव्यांग पेंशन, दुकान निर्माण, दुकान संचालन आदि की सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप, डा. ज्ञान प्रकाश गुप्ता, जिला महामंत्री नीरज शर्मा, संजय सोलंकी, सुरेश माहेश्वरी, कौशल साहू, राकेश अग्रवाल, बॉबी कश्यप, रविन्द ब्रह्मचारी, योगेंद चौहान, कृष्णाकांत वशिष्ठ, राजेन्द्र बोहरे, अमित बाबा, रंजीत प्रधान, हिमांशु उपाध्याय, बबलू ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी केके सक्सेना मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# बेटी दिवस पर पुलिस बेटी ने दिखाई दरियादिली



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-लंबा रस्ता नंगे पांव, जाना था उसको अपने गांव, खाकी से मिल फिर मुस्काई, वह फरियादी बूढ़ी माई बहू बेटे द्वारा परेशान किए जाने की अपनी फरियाद लेकर नंगे पैर, भूखी, प्यासी थाना जैथरा आयी वृद्ध महिला ने बताया कि उसके बच्चे परेशान करते हैं, तथा खाने को भी नही देते हैं। प्रभारी निरीक्षक जैथरा द्वारा बूढ़ी अम्मा की फरियाद सुनी गई और उन्हें मुनासिब मदद करने का भरोसा दिलाया। नंगे पैर होने पर आरक्षी ओमप्रकाश द्वारा बूढ़ी अम्मा को बाजार से खरीद कर नई चप्पलें दिलायी गईं तथा महिला आरक्षी पूजा डोवाल व महिला आरक्षी आरती द्वारा बूढ़ी अम्मा को खाना खिलाया गया। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक द्वारा बूढ़ी अम्मा को सकुशल सरकारी गाड़ी से उनके घर तक छुड़वाया गया।

# उफान मारती नदी में डूबी छात्रा, वीडियो बनाते रहे लोग

निशाकांत शर्मा -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा में मानवता की मौत ? उफान मारती नदी में डूबी छात्रा, वीडियो बनाते रहे लोग शोशल मीडिया में तेजी से वायरल हुई नदी में डूबती छात्रा की लाइव मौत की वीडियो चर्चाओं के अनुसार माँ द्वारा फोन छींनने से आहत होकर छात्रा ने लगाई थी नदी में छलाँग मौके पर पहुची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उफान मारती नदी में डूबी छात्रा को तलाशने के लिये चलाया रेस्क्यू अभियान थाना बागवाला इलाके के काली नदी का मामलाकई माध्यमों से मिली जानकारी के आधार पर

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में 7 जंगली हाथियों ने डाला डेरा



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर-सूरजपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्र बिहारपुर में जंगली हाथियों का दल क्षेत्र में डेरा जमाए हुए हैं।हाथियों की दल में 7 हाथी है प्रतिदिन हाथी शाम होते गाव के समीप पहुचकर धान मक्का फसल को भारी मात्रा में क्षति पहुंचा रहे हैं तो वही उत्पात मचा रहे हैं हाथियों के आतंक से पूरा क्षेत्र सहमा हुआ है/बीते दिनों ग्राम पंचायत मोहरसोप,कछिया, उमझर के आधा दर्जन से अधिक किसानों का फसल को खाकर चौपट कर दिये, गोरतलब है कि लगभग एक सप्ताह से बिहारपुर क्षेत्र में लगभग 7 से10 जंगली हाथियों का दल डटा हुआ है हाथियों का दल विचरण करते हुए कछिया,मोहरसोप, उमझर तो कभी जुड़वनिया आ पहुचते है और क्षेत्र में तबाही मचा कर चले जाते हैं7 हाथियों के दल ने फसल को पहुंचाया नुकसान ओड़गी ब्लॉक के मोहरसोप गांव में बीती रात 7 हाथियों ने गांव के किसान जगबंधन खैरवार व अन्य के खेत में धान, मक्का की फसल को नुकसान पहुंचाया। गांव में हाथियों के पहुंचने की सूचना पर ग्रामीणों ने एकत्र होकर शोर मचाया। इसके बाद हाथी कछिया के जंगल में चले गए। गौरतलब है कि एक सप्ताह पहले 7 हाथियों का दल खोड़ के रास्ते बिहारपुर-चांदनी क्षेत्र में पहुंच गया है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि बिहारपुर क्षेत्र में गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान की घने जंगल होने के कारण जंगली हाथियों का आना जाना लगा रहता है जिससे शाम होते ही आबादी क्षेत्रों में भी आ घुसते जिससे फसलों को खा कर रहा हूं रोवद कार चौपट कर देते हैं।वन विभाग एवं गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के द्वारा हाथियों को भगाने और लोगों को जागरूक करने कोई सार्थक पहल नहीं किया गया है जिससे ग्रामीणों को जानमाल का खतरा बना रहता है7 अब तक 7 जंगली हाथियों ने किसानों का फसल नुकसान कर दिया है वहीं ग्रामीणों ने वन विभाग व गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान से हाथियों द्वारा किया गया नुकसान की क्षतिपूर्ति की मांग तत्काल की है और हाथियों को भगाने का पहल करने की बात की है7

# भाजपा मंडल बिहारपुर चांदनी के 30 पोलिंग बूथों में बनाए गए पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जन्मदिन



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-बिहारपुर-प्रदेश संगठन के आदेशानुसार भारतीय जनता पार्टी मंडल बिहारपुर चांदनी के 36 में से 30 पोलिंग बूथों पर मनाया गया एकात्म मानववाद के प्रणेता जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्मदिन मनाया गया एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के रेडियो प्रसारण के माध्यम से सुने गए मोदी जी के मन की बात साथ ही साथ जिला संगठन के निर्देशन पर 30 पोलिंग बूथ में बैठक कर राजिस्टर भी तैयार किया गया तथा 10 पोलिंग बूथों में सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई किया गया इस दौरान जिला मंत्री शिवप्रसाद सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर बैस महामंत्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता हंसेलाल जायसवाल मुकेश कुमार साकेत सियाराम नाई विजय गुर्जर राजेश्वरी दूबे कालीचरण कांशी बैकुण्ठ जायसवाल मदनलाल जायसवाल अमर सिंह विनोद गुप्ता प्रेमलाल विश्वकर्मा कन्हैयालाल साहू छेटेलाल यादव अनुराधा विश्वकर्मा लालबहादुर यादव राजेश्वर जायसवाल रामरक्षा पाल शिवधन गुप्ता शिवसरन गुप्ता ध्यानचंद बैस पुनीत पाठक रामेश्वर गुप्ता सुबंश गुर्जर रामेश्वर जायसवाल रामबिहारी बैस श्यामनारायण बैस जगप्रसाद सिंह रामबरन खैरवार बबन सिंह रामकुमार जायसवाल राजकुमार बैस सहित भाजपा कार्यकर्ताओं सक्रिय रहे।

# भारत विकास परिषद द्वारा समूह गान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

पवन कुमार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

जालौन- कोंच - भारत विकास परिषद शाखा कोंच द्वारा आज राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन शाखा स्तर पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गल्ला मंडी में किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी रमा निरंजन एवं प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों की श्रृंखला में डॉ दिलीप सेठ प्रदेश महामंत्री उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एवं इंजीनियर अनिल कुमार रेजा रिटायर्ड चीफ इंजीनियर ओएनजीसी अहमदाबाद व विज्ञान विशारद सिरोठिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद के अध्यक्ष इंजीनियर राजीव कुमार रेजा ने की समूह गान प्रतियोगिता में कोंच नगर की 7 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज कोंच ने प्राप्त किया वहीं द्वितीय स्थान नाथूराम पुरोहित बालिका इंटर कॉलेज कोंच ने प्राप्त किया, तृतीय स्थान पर डॉ वीरेंद्र स्वरूप जूनियर हाई स्कूल कोंच का रहा।

आज की इस प्रतियोगिता में जनपद जालौन, कोंच एवं ग्रामीण क्षेत्र के मीडिया कर्मियों को भी उत्कृष्ट पत्रकार सम्मान से भारत विकास परिषद शाखा कोंच के द्वारा नवाजा/ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बृज बल्लभ सिंह सेंगर, प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह निरंजन ,कडोरे लाल यादव बाबूजी, रामशंकर छानी, शिव प्रसाद निरंजन, एवं महिला संयोजिका डॉ नीता रेजा, मीरा चंदेरिया , मास्टर, चमरसेना प्रधान देबू निरंजन ,शिवकरण यादव, नीरज द्विवेदी, विविध श्रीवास्तव, राजीव पटेल इत्यादि लोग उपस्थित रहे। वहीं निर्णायको की भूमिका में सुनीता सिंह उरई एवं अजय कुमार सोनी एवं रामशंकर गुप्ता उरई उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव शैलेंद्र सर्राफ एवं नरसिंह गहरवार एडवोकेट ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि आर.पी. निरंजन को सचिव शैलेंद्र सर्राफ नरसिंह गहरवार एडवोकेट, विनोद एमएससी ने संयुक्त रुप से स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। डॉ दिलीप सेठ को इंजीनियर राजीव रेजा ने स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया एवं अन्य अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में करीब एक सैकड़ा से ज्यादा लोग उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिहारपुर में मरीज परेशान कुंभकरणीय नींद सो रहे डॉक्टर एन एम के भरोसे अस्पताल




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर- सूरजपुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिहारपुर में चंदनी क्षेत्र का एकलौता मात्र एक हॉस्पिटल है जिसमें सर्प काटने से लेकर तरह-तरह के मरीज आते रहते हैं वहां डॉक्टर सोते नजर आए कई मरीज परेशान थे सर्पदंश एवं डिलीवरी से महिलाएं परेशान थी ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिहारपुर चांदनी का औचक निरीक्षण किया जिसमें मरीज परेशान नजर आए डॉक्टरों को सोते हुए जगाया गया जिसके बाद हरकत में आकर इलाज शुरू किया यहां दुरस्त इलाका होने के कारण कोई अधिकारी कर्मचारी दांत पड़ताल नहीं करते जिससे स्वास्थ्य कर्मियों के हौसले बुलंद रहते हैं कोई दिन पहले कलेक्टर सूरजपुर इफ्फत आरा ने दवाइयां खराब होने पर नाराजगी व्यक्त कर कार्रवाई कराने की बात की थी जिसके बाद आज तक कोई सुधार नहीं हुआ बल्कि और स्वास्थ्य सुविधाएं बिगड़ती जा रही है।

# अतिक्रमण हटाने पहुँचे पुलिस टीम के साथ वन अमला पर हमला, लाठी डंडे से किया वार,कई के सर फूटे

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर- बिहारपुर- चाँदनी क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आ रही है जिसमे अतिक्रमणकारियों ने लाठी डंडे से थाना प्रभारी बसंत खलको के साथ वन कर्मियों पर हमला कर दिया जिससे प्रभारी सहित कई वन कर्मचारी का सर फुट गया है जिनका स्थानीय अस्पताल में उपचार किया जा रहा है. प्राप्त जानकारी अनुसार ठाड़पाथर में आज दोपहर वन अमला के साथ पुलिस की टीम अतिक्रमण करियो पर कार्यवाही करने पहुची थी और उन लोगो को पकड़ने उनके घर जैसे ही पहुचे तो ग्रामीणों ने लाठी डंडे से हमला कर दिया कई के सर फुट गए, लहूलुहान अवस्था मे आहत चाँदनी थाना प्रभारी सहित वन कर्मचारी अस्पताल पहुंचे जहां पर उनका उपचार किया जा रहा है. बख्शे नही जायेगे पूरे मामले पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने बताया कि हमलावरों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी, हल्के चोट आई है उपचार हो रहा है।

# पूर्णानंद घाट गंगा आरती में अंकिता भंडारी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अंकिता भंडारी को समर्पित की गंगा आरती अंकिता भण्डारी के हत्याकांड का केस फास्ट्रैक कोर्ट में चलाने और दोषियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग की अंकिता मर्डर केस की जांच के लिए एसआईटी गठित कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को साधुवाद राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बाल विवाह व सामाजिक बुराइयों के रोकथाम की ली शपथ बेटियों को भी बेटे के समान ही महत्व व सम्मान दिया जाए 25 सितंबर । 19 वर्षीय अंकिता भंडारी को ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये उनकी आत्मा की शान्ति हेतु मौन रखा। जानकीपुल पूर्णानंद घाट गंगा तट पर महिलाओं द्वारा होने वाली माँ गंगा की आरती 19 वर्षीय अंकिता भंडारी को समर्पित की। भाजपा नेता के बेटे द्वारा अंकिता भंडारी के साथ की गई इस घटना की जितनी निंदा की जाए, कम होगी। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर गंगा आरती में बाल विवाह व अन्य सामाजिक बुराइयों की रोकथाम की शपथ में बालिका सुरक्षा, संरक्षण व विकास के विशिष्ट कानूनी अधिकार व सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, उड़ान व इंदिरा महिला उद्यम प्रोतसाहन योजना के बारे में जानकारी देते हुए किशोरी शक्तिकरण, बालिकाओं के विकास और बालिका शिक्षा पर जोर दिया। पंडित हरिओम शर्मा ज्ञानी जी ने कहा कि कहा कि 19 वर्षीय अंकिता भंडारी के साथ इस प्रकार की घटना अपने आप में शर्मनाक है। घटना के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए।




ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करे। देवभूमि मां गंगा चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष रीना उनियाल जी ने कहा अंकिता भण्डारी के हत्याकांड का केस फास्ट्रैक कोर्ट में चलाने और दोषियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग की। योगेश उनियाल जी ने कहा हमारी सरकार का नारा है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और हम यह चाहते हैं कि बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ और बेटी की सुरक्षा बढ़ाओ। सुषमा बहुगुणा कहा कि उत्तराखंड के लिए यह शर्मसार करने वाली घटना है। महिलाओं ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। श्रीमती राजेश्वरी उनियाल ने कहा बेटियों को भी बेटे के समान ही महत्व व सम्मान दिया जाए। डॉ ज्योति शर्मा ने कहा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कही। 19 वर्षीय अंकिता भंडारी को भावभीनी श्रद्धाजंलि ईश्वर उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करे। ऊँ शान्ति मुख्य रूप से गंगा आरती में ट्रस्ट की सदस्य डॉक्टर ज्योति शर्मा, साध्वी डॉक्टर पावनी देवभूमि मां गंगे स्वयंसेवी चैरिटेबल ट्रस्ट कोषाध्यक्ष योगेश उनियाल, राजेश्वरी उनियाल, ममता नेगी, अजय बिजलवान, रौनी पंवार, संध्या शुक्ला, श्रीमती सुषमा बहुगुणा, रीता, प्रमिला, गायत्री देवी, सरोज देवी आदि ने गंगा आरती की।

आपका लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
बरेली मुरादाबाद बदायूं उधम सिंह नगर
की सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर
रिपोर्टर की
संपर्क करें- 9027776991

# भारत विकास परिषद की समूह गान प्रतियोगिता आयोजित

## सरकार ने महिला ओ को बढ़ाने का मौका दिया-रमा निरंजन



पवन कुमार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

जालौन- कोंच - भारत विकास परिषद शाखा कोंच द्वारा रविवार को राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन शाखा स्तर पर विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गल्ला मंडी में किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी श्रीमती रमा निरंजन एवं प्रतिनिधि आर पी निरंजन व विशिष्ट अतिथि डॉ दिलीप सेठ प्रदेश महामंत्री उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एवं इंजीनियर अनिल कुमार रेजा रिटायर्ड चीफ इंजीनियर ओएनजीसी अहमदा बाद एवं सुनील लोहिया एडवोकेट नगर अध्यक्ष भाजपा मंचस्थ रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद के अध्यक्ष इंजीनियर राजीव कुमार रेजा ने की समूह गान प्रति योगिता में नगर की सात टीमों ने प्रतिभाग किया प्रथम स्थान सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज ने प्राप्त किया वहीं द्वितीय स्थान नाथूराम पुरोहित बालिका इंटर कॉलेज ने प्राप्त किया तृतीय स्थान पर डॉ वीरेंद्र स्वरूप जूनियर हाई स्कूल का रहा की कार्यक्रम में बृज बल्लभ सिंह सेंगर प्रोफेसर वीरेंद्र जी कडोरे लाल यादव बाबूजी राम शंकर छानी शिव प्रसाद निरंजन ववबू मास्टर एवं महिला संयोजिका डॉ नीता रेजा मीरा चंदेरिया संजय सिंघाल विनोद एमएससी अनुज पाटकार रविंद्र पटेल पहलाद सोनी श्रीकांत गुप्त हरि सिंह निरंजन एडवोकेट नंदकिशोर मास्टर देबू चमर प्रधान शिवकरण सिंह यादव नीरज द्विवेदी विविध श्रीवास्तव राजीव पटेल इत्यादि लोग उपस्थित थे वहीं निर्णायाको की भूमिका में श्रीमती सुनीता सिंह उरई एवं श्री अजय कुमार सोनी एडवोकेट उरई एवं श्री राम शंकर गुप्ता उरई उपस्थित थे कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव शैलेंद्र सर्राफ एवं नर सिंह गहरवार एडवोकेट ने संयुक्त रूप से किया वहीं मुख्य अतिथि रमा निरंजन के प्रतिनिधि आर पी निरंजन ने बुंदेलखंड ब्यूरो चीफ पवन यागिक ( knls live) , संतोष सोनी, लाल सिंह , जितेंद्र , पवन राठौर , जान मुहम्मद , संदीप अग्रवाल सहित कई पत्रकारों को शाल स्मृति चिन्ह व पट्टिका उड़ाकर सम्मानित किया।

# देवीय प्रतिमा को स्थापित करने के लिये परमिशन जरूर ले-कोतवाल

पवन कुमार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

जालौन- कोंच - रविवार को कोतवाली परिसर मे आगामी त्योहारों जैसे देवी जागरण अगसेन जयंती सहित कई अन्य धार्मिक आयो जन को लेकर पीस कमेटी कई बैठक सम्पन्न हुई इस बैठक की अध्यक्षता एसडीएम कृष्ण कुमार सिंह ने की इस बैठक मे उन्होंने नगर पालिका परिषद के सफाई निरीक्षक हरि शंकर निरंजन को निर्देश दिये की नगर मे अब त्यौहार आ रहे हैं और नगर मे मंदिरो के आस पास बेहतरीन साफ सफाई करवाई जाये और नगर की सड़को पर आवारा सूअर दिखाई नही देना चाहिए साथ ही मंदिरो के आस पास गंदगी कतई नही होनी चाहिए साफ व्यवस्था मे किसी प्रकार की लापरवाही ठीक नही होंगीं चाहे वो नई हो या पुरानी सभी को परमिशन लेना होगा अगर किसी



ने बिना परमिशन के प्रतिमा बैठाई तो कार्यवाही की जायेगी इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के सफाई निरीक्षक हरि शंकर निरंजन क्राइम इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह यादव दरोगा नरेंद्र सिंह दरोगा सर्वेश यादव काजी बसीर अहमद संजीव तिवारी सईद अहम्द बिजली विभाग के महेंद्र पटेल हाजी रहम इलाही फहीम काजी रवि गोयल अंचल विलेया पिन्टू सोनी शिवा कुशवाहा मुस्तक्रीम मंसूरी राजेंद्र प्रसाद जितेंद्र कुशवाहा इमरान अली जान मुहम्मद पवन राठौर पवन यागिक संदीप अग्रवाल देवेन्द्र शर्मा सागर प्रजापति सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे